>

Title: Need to ensure proper utilization of funds under Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Scheme in Allahabad, Uttar Pradesh.

श्री रेवती रमण सिंह (इलाहाबाद): देश में और विशेषकर उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद में मनरेगा के तहत कई ग्रामों की शिकायतें आ रही हैं। कई तहसीलों में अनियमितताओं का दौर अब भी जारी है। विजीलेंस कमेटी द्वारा निर्देश देने के बावजूद भी उचित कार्यवाही नहीं हो रही है। क्या सरकार के पास ऐसी कोई योजना है जिससे कि मनरेगा के पैसों का दुरूपयोग रोका जा सके और गरीब जनता को इस योजना का संपूर्ण लाभ मिल सके तथा बाकी लोगों के लिए एक नजीर बने। मनरेगा के तहत तालाबों की खुदाई होती थी जिसमें से कई आदर्श तालाब भी थे। मुझे कुछ सूत्रों द्वारा पता चला है कि आदर्श तालाब बनाने की योजना सरकार ने बंद कर दी है। आदर्श तालाब बनाने की योजना बहुत अच्छी थी क्योंकि इस योजना में तालाब बनाने के साथ–साथ वृक्षारोपण भी किया जाता था लेकिन किन्हीं कारणों से इस योजना को बंद कर दिया गया है। वर्तमान में इस योजना की स्थिति क्या है।